समाचार

लोक पर्व हरेली महोत्सव आयोजन में पहुंची महापौर

(खेती किसानी के उपकरणों की पूजा अर्चना की)

कोरबा 01 अगस्त 2019—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने भवानी मंदिर के समीप आयोजित छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रतीक लोकपर्व हरेली महोत्सव, हरेली तिहार में शिरकत की, उन्होने नागर, गेड़ी एवं अन्य खेती किसानी के औजारों की पूजा अर्चना की, छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में पूजा अर्चना कर नगर के सर्वांगीण विकास व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की।

छत्तीसगढ़ महतारी संस्कृति सेवा समिति कोरबा के तत्वाधान में लोक पर्व हरेली महोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर परिसर भवानी मंदिर के पास कोरबा में किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त मौके पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए आयोजन में शिरकत की, उन्होने छत्तीसगढ़ महतारी संस्कृति सेवा समिति कोरबा के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ नागर, गेड़ी एवं खेती किसानी के उपकरणों की पूजा अर्चना की। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में पूजा अर्चना कर नगर के सर्वांगीण विकास एवं आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर उन्होने लोक पर्व हरेली महोत्सव एवं हरेली तिहार की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं नागरिकों को दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल फुगड़ी, गेड़ी दौड़, नारियल फेंक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसका आनंद महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों ने उठाया। इस अवसर पर निगम की एम.आई.सी.सदस्य भुवनेश्वरी देवी, जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सपना चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अर्चना उपाध्याय, कुसुम द्विवेदी, गीता गभेल तथा समिति की पदाधिकारी व सदस्यगण काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।